**08/09**/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों से भारत को ज्ञान और व्यापार का प्रमुख केंद्र बनाने का आह्वान किया है। राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद-एपीसी के प्लेटिनम जुबली समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को और अधिक आत्मनिर्भर तथा निर्यात में उत्कृष्ट बनाने की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि कोविड काल में आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी गई थी और यह निरंतर फलदायी साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का एक प्रमुख आयाम वह होना चाहिए जहाँ वैश्विक अस्थिरता का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर कम से कम प्रभाव पड़े।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 17 तारीख को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत करेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इस पहल का उद्देश्य देश भर में महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को मज़बूत करना, बेहतर पहुँच, गुणवत्तापूर्ण देखभाल और जागरूकता सुनिश्चित करना है।

उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं में 75 हज़ार स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएँगे।

0000000000000000000000

आज लोअर सुबनसिरी ज़िले के जीरो में आयोजित कैबिनेट आपके द्वार में अरुणाचल प्रदेश शहरी एवं ग्राम नियोजन (संशोधन) विधेयक, 2025 के मसौदे को मंज़ूरी दे दी। इस संशोधन का उद्देश्य शहरी नियोजन ढाँचे को मज़बूत करना, तेज़ी से हो रहे शहरीकरण का प्रबंधन करना और राज्य के 47 अधिसूचित शहरी केंद्रों में व्यवस्थित व सतत विकास सुनिश्चित करना है। अग्नि सुरक्षा अवसंरचना में वृद्धि की तत्काल आवश्यकता को देखते हुए, मंत्रिमंडल ने मेबो, किमिन, देवमाली और लुंगला में चार नए अग्निशमन केंद्रों की स्थापना साथ ही, पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए 68 नए पदों का सृजन को भी मंजूरी दी है। इसके अतिरिक्त, मंत्रिमंडल ने "अरुणाचल प्रदेश नगरपालिका संपत्ति कर प्रबंधन नियम 2025" और अरुणाचल प्रदेश नगरपालिका (विज्ञापन पर नियंत्रण) विनियम, 2025 को भी मंजूरी दी है।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने दिवंगत कॉर्पोरल तागे हैलियांग की असाधारण बहादुरी के सम्मान में उनकी पत्नी चारो कामहुआ को कल 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की। शहिद कॉर्पोरल हैलियांग पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए 26 लोगों में शामिल थे।

0000000000000000000000

फूलों की खेती के माध्यम से ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने और बाज़ार तक पहुंच के लिए ज़रुरी ज्ञान और कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से आज ईस्ट सियांग जिले के मेबो के अंतर्गत बोदाक के सामुदायिक भवन में, केंद्रीय एमआईडीएच योजना 2024-25 द्वारा प्रायोजित व्यावसायिक फूलों की वैज्ञानिक खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण मिशन पुन:लेक का एक हिस्सा था, जो बोदाक गांव को सजावटी पेड़ों और अन्य फूलों के पौधों की कई प्रजातियों को लगाकर एक फ़्लावर विलेज में बदलने की पहल है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 10 जिलों वेस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, पापुम पारे, कामले, लोअर सियांग, लेपा रादा, अपर सियांग, नामसाई, तिराप और लोगंदिंग के लिये अगले 24 घंटों मे ग़रज के साथ बोजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000

लोअर दिबांग वैली ज़िले के मायोदिया में एक दुर्लभ आर्किड हेमिपिलिया बोसिफोलियाटा की खोज की गई है। यह खोज अरुणाचल प्रदेश से भारत की वनस्पतियों में एक नया जुड़ाव है। यह अत्यंत दुर्लभ आर्किड पहले केवल चीन के सिचुआन और युन्नान प्रांतों में ही पाया जाता रहा।

0000000000000000000000

केई पान्योर जिले से 6 युवा स्वयंसेवक आपदा प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया पर प्रशिक्षकों के आगामी प्रशिक्षण में भाग ले रहें है, जो आज से आगामी 25 सितंबर तक ईटानगर के लेखी में आयोजित किया जाएगा। 18 दिनों के गहन प्रशिक्षण के तहत बचाव तकनीक, प्राथमिक उपचार, निकासी के तरीके और समुदायों को आपदाओं के लिए तैयार करने जैसे व्यावहारिक कौशल सीखेंगे। अपने प्रशिक्षण के बाद, ये स्वयंसेवक न केवल आपात स्थिति के दौरान प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में कार्य करेंगे, बल्कि जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी (डीडीएमओ) के साथ मिलकर जागरूकता फैलाने, ज्ञान साझा करने और जिले में अधिक लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए भी काम करेंगे।

0000000000000000000000

बिहार के राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गए पुरुष एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप के रोमांचक फाइनल में भारत ने दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर अपना चौथा खिताब जीत लिया। इसी के साथ भारत ने नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले 2026 के एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। इस बीच, हॉकी इंडिया ने प्रत्येक खिलाड़ी को 3 लाख रुपये देने की घोषणा की है। सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को भी 1.5 लाख रुपये मिलेंगे।

0000000000000000000000